दैनिक

आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका

संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916

वर्ष 13 | अंक 161 | छतरपुर, सोमवार 06 जनवरी 2025 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

## उन्नत शिक्षा व उत्तम स्वास्थ्य विकास का मूल लक्ष्य - उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल

### -392 शिक्षकों को क्रमोन्नति के आदेश किए प्रदान

### -शासकीय शिक्षक संगठन ने किया अभिनंदन



परिहार गर्जना न्यूज भोपाल। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि उन्नत शिक्षा व उत्तम स्वास्थ्य विकास का मूल लक्ष्य है। शिक्षा की गुणवत्ता व स्वास्थ्य की सुविधाएं जब रीवा में उत्कृष्ट होंगी तब ही रीवा का विकास पूर्ण होगा। उन्होंने शिक्षक समुदाय से अपेक्षा की कि विद्यार्थियों को शिक्षित करने के साथ-साथ संस्कारवान भी बनाएं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल का कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम रीवा में शासकीय शिक्षक संगठन मध्यप्रदेश द्वारा सम्मान किया गया।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र को बेहतर बनाने में शिक्षक अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें साथ ही युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने के लिए सजग करें। उन्होंने कहा कि समन्वित प्रयास से जिले में युवाओं को नशे से दूर रखने के सभी स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं और इसके सार्थक परिणाम भी सामने आए हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने 392 शिक्षकों के क्रमोन्नति आदेश सिंगल क्लिक के माध्यम से जारी किए। उप मुख्यमंत्री ने संघ की विभिन्न मांगो पर शासन स्तर से यथोचित समाधान किए जाने के लिए आश्वस्त किया। नगर निगम रीवा के अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय सहित संगठन के पदाधिकारी, प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए शिक्षक तथा स्थानीय शिक्षक उपस्थित रहे।




## चार पहिया वाहन ने युवक को रौंदकर मौत के घाट उतारा, नाराज भीड़ ने किया चक्काजाम



हरपालपुर। हरपालपुर क्षेत्र में रविवार को एक दिल दहला देने वाली घटना घटित हो गयी जिसमें एक चार पहिया वाहन ने युवक को रौंदकर मौत के घाट उतार दिया। मृतक अपने घर से दिल्ली के लिये रवाना हुआ था। यह घटना जहां पर घटित हुयी वह क्षेत्र यूपी-एमपी की सीमा में होने के कारण शव पुलिस थानों के बीच सीमा विवाद को लेकर घंटों पड़ा रहा, जिससे लोगों में आक्रोश उत्पन्न हो गया और उन्होंने जाम लगा दिया। ग्रामीणों द्वारा जाम लगाने के बाद पुलिस प्रशास के होश उड़ गये और इसके बाद शव को घटना स्थल से उठाकर पीएम हेतु अस्पताल पहुंचाया गया।

## जिला अस्पताल के पार्क में फैला कचरा

छतरपुर। कुछ समय पहले तक जिला अस्पताल की सुंदरता बढ़ाने वाले पार्क में इन दिनों इतना कचरा फैला हुआ है कि लोग यहां बैठने से कतराते नजर आ रहे हैं। बताया गया है कि देखरेख की अभाव में पार्क का बुरा हाल है। छतरपुर के पूर्व कलेक्टर संदीप जी आर ने इस पार्क का निर्माण कराया था, ताकि मरीज सुबह-शाम यहां टहल सकें और उनके परिजन यहां बैठ सकें लेकिन वर्तमान में पार्क की देखरेख करने वाला कोई नहीं है, जिस कारण से पार्क में बेतहाशा गंदगी हो गई है और इसे साफ भी नहीं कराया जा रहा है। हालांकि अस्पताल प्रबंधन द्वारा पार्क में डस्टबिल लगाए गए हैं लेकिन फिर भी पार्क में जाने वाले लोग रोक-टोक न होने के कारण कचरा पार्क में ही फेक रहे हैं।



## नववर्ष के उपलक्ष्य में टीआई बाल्मीक चौबे ने कराया सुंदरकांड का पाठ

### पुलिस स्टाफ, पत्रकारों एवं समाजसेवियों को दी शुभकामनायें





परिहार गर्जना न्यूज। छतरपुर। सिविल लाइन थाने के टीआई बाल्मीक चौबे ने नववर्ष के उपलक्ष्य में थाना प्रांगण स्थित मंदिर में सुंदरकांड का पाठ कराया एवं सभी को नववर्ष की शुभकामनायें दीं। इस आयोजन में एसपी अगम जैन सहित पत्रकार, पुलिस स्टाफ एवं समाजसेवी शामिल हुये। टीआई बाल्मीक चौबे ने सभी उपस्थितजनों को पुलिस प्रशासन की ओर से नववर्ष की शुभकामनायें देते हुये उनके स्वस्थ्य एवं सुखमय जीवन की मंगलकामना की।

## विद्युत विभाग को हरा जनपद पहुँचा सेमीफाइनल में

### आतिशी बल्लेबाजी के लिए रुद्रा बने मैन ऑफ द मैच

स्वप्निल गुप्ता

परिहार गर्जना न्यूज। अजयगढ़–अजयगढ की छोटीफील्ड में चल रहे डीपीएल सीजन–2 में आज विद्युत विभाग को 8 विकेट से हरा जनपद पंचायत सेमीफाइनल में पहुँचने वाली पहली टीम बन गई।आज के मुख्य अथिति मंडल उपाध्यक्ष संजय गुप्ता व मंत्री ब्रजेश गुप्ता के द्वारा पहले दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।टॉस जीतकर विद्युत विभाग ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया।पिछले मैच के हीरो नीरज इस बार कुछ खास नही कर पर पाए ओर केवल 17 रन बना कर आउट हो गया।इसके बाद के बल्लेबाज कुछ खास नही कर पाए और जल्दी जल्दी आउट हो गए।ओर केवल 103 रन बना कर आलआउट हो गई।विद्युत विभाग की ओर से कप्तान अमरदीप सिंह ने सबसे ज्यादा 21 रन बनाए।वही जनपद की ओर से जीतेन्द्र ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 17 रन देकर 3 विकेट,राहुल ने 2 विकेट जबकि रुद्रा,योगेंद्र व



किशन ने 1–1 विकेट लिया।जबाब में 104 लक्ष्य लेकर उतरी जनपद की टीम की ओर से रुद्रा व किशन ओपनर के रूप में आये।पहला ओवर सचिन में मेडेन डाल शानदार शुरुवात की। पर इसके बाद रुद्रा शो चालू हुया ओर उन्होंने 26 गेंदों में 6 छक्कों व 7 चोको की सहायता से शानदार 65 रन बनाए।जबकि किशन ने 1 छक्के व 5 चोको की सहायता से 21 गेंदों में 37 रन बनाए।विद्युत विभाग की ओर से सचिन व नीरज ने 1–1 विकेट लिया।रुद्रा को उनके शानदार आतिशी पारी के लिये मैन ऑफ द मैच दिया गया।आज के मैच में अंपायर की भूमिका सचिन सिंह बघेल व राजू सेन ने निभाई।स्कोरिंग का कार्य सोनू शुक्ला ने निभाई।जबकि लाइव स्कोरिंग ऋषभ शर्मा ने की।

## एसपी अगम जैन ने खजुराहो में बैठक कर की अपराधों की समीक्षा

### पुलिस अधिकारियों को दिये दिशा निर्देश

छतरपुर। रविवार को पर्यटन नगरी में खजुराहो में पुलिस अधीक्षक द्वारा आयोजित बैठक में अपराधों की समीक्षा की गई। बैठक में जिले के समस्त थाने के अपराध, मर्ग, शिकायत समाधान, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही एवं अन्य कार्यवाहियों पर विस्तृत चर्चा हुई। अपराध समीक्षा बैठक में समस्त अनुविभागीय पुलिस अधिकारी, एवं जिले के समस्त थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी, संबंधित पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने समस्त अनुविभागीय पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारी को लंबित शिकायतों, लंबित गंभीर व महिला संबंधी अपराधों के शीघ्रता से निकाल हेतु निर्देशित किया और घटना के बाद घटनास्थलों का बारीकी से निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में निगरानी, गुंडा बदमाशों, आदतन अपराधियों की निरंतर निगरानी, क्षेत्र में शांति भंग या माहौल खराब करने वाले लोगों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के साथ-साथ आदतन अपराधियों की जमानत निरस्तीकरण एवं जिला बदर प्रस्तावित करने के भी निर्देशित किया। इसके कअलावा अवैध हथियार एवं मादक पदार्थ संबंधी आरोपियों के साथ-साथ विक्रय करने वाले एवं अन्य स्त्रोत संबंधी के विरुद्ध कार्यवाही, शस्त्र लाइसेंसधारी जो स्वयं या अन्य शस्त्र का अनावश्यक प्रदर्शन, दुरुपयोग करने, शस्त्र लाइसेंस निलंबन, निरस्त की कार्यवाही, सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारी एवं थाना, चौकी प्रभारी को क्षेत्र में निरंतर पेट्रोलिंग, जिले के सभी होटल, ढाबा, बस स्टैंड,चौराहों, सार्वजनिक स्थलों में सघन चैकिंग, अनावश्यक घूम रहे अपराधिक प्रवृत्ति के लोग, अराजक तत्व एवं संदिग्ध के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

# शिक्षा अध्ययन और नवाचार हेतु विदेश प्रवास

# सिंगापुर हेतु चयन बी एल प्रजापति जी का चयन



**शासन द्वारा विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम और विद्यालय में विद्यार्थियों की हित में उत्कृष्ट नवाचार हेतु अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सिंगापुर भ्रमण हेतु कुशल प्रबंधक शिक्षकों एवं प्राचार्य को चुना जाता है। यहां पर शिक्षा प्रणाली को सीखने और उसका क्रियान्वयन करने हेतु शासन द्वारा एशिया के प्रमुख शिक्षा केंद्र सिंगापुर हेतु चयन किया जाता है।**

राजाराम साहू

परिहार गर्जना न्यूज।घुवारा। ।मंडे पॉजिटिव शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घुवारा का सत्र 2024 का हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम 99% एवं हाई स्कूल परीक्षा परिणाम 93% एवं विद्यालय की दो छात्राओं का राज्य एवं जिला की मेरिट सूची में नाम आने पर प्रभारी प्राचार्य बी एल प्रजापति जी को 6 दिवसीय सिंगापुर भ्रमण हेतु शासन स्तर से चयन किया गया।

***सिंगापुर अंतर्राष्ट्रीय प्रिंसिपल अकादमी***

सिंगापुर की शिक्षा प्रणाली को दुनिया भर में सर्वोच्च स्थान दिया जाता है सिंगापुर एशिया का प्रमुख शिक्षा केंद्र है जहां पर अंतरराष्ट्रीय प्रिंसिपल अकादमी है सिंगापुर में प्रतिवर्ष एशिया ही नहीं बल्कि विश्व के चुने हुए शिक्षकों एवं प्राचार्यो को शासन स्तर से भेजा जाता है। जहां परंपरा एवं आधुनिकता का अनूठा मेल छात्रों को वास्तविक वैश्विक शैक्षिक अनुभव प्रदान कराया जाता है। बी एल प्रजापति भी इस भ्रमण से इस अकादमी में 21वीं सदी की टीचिंग एंड लर्निंग स्किल्स हेतु प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

***प्रशिक्षण कब से कब तक चलेगा***

यह अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण छ दिवसीय होगा जो 6 जनवरी से 12 जनवरी तक अंतरराष्ट्रीय प्रिंसिपल अकादमी सिंगापुर में होगा।

***छतरपुर जिले से कितने शिक्षकों और प्राचार्यों को भ्रमण हेतु चुना गया***

हमारे छतरपुर जिले से मात्र 29 प्राचार्यो एवं शिक्षकों को इस 6 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक भ्रमण के लिए चुना गया है। वहीं हमारे बड़ामलहरा ब्लॉक से एकमात्र प्राचार्य बी एल प्रजापति( शास कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घुवारा)को चुना गया है। जहां पर उन्हें शिक्षा प्रणाली, शिक्षा की गुणवत्ता, शिक्षा की लागत, व्यापक पाठ्यक्रम, उच्च शैक्षणिक मानकता, कुशल और शिक्षित कार्यबल, शैक्षिक कौशल हेतु प्रशिक्षित किया जाएगा।

***सम्मान में विद्यालय परिवार एवं संकुल के सभी सदस्यों ने किया स्वागत और सिंगापुर रवानगी हेतु दी विदाई***

सम्पूर्ण मध्य प्रदेश, छतरपुर जिले, बड़ामलहरा ब्लॉक एवं हमारे क्षेत्र के लिए यह गौरवशाली पल है कि हमारे घुवारा बी एल प्रजापति जी की सकारात्मक सोच, उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम एवं उत्कृष्ट नवाचारों के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शासन द्वारा सिंगापुर शैक्षिक भ्रमण हेतु चयन हुआ है।

इस खुशी के पल में विद्यालय के सभी शिक्षकों और बालक एवं कन्या संकुल के सभी सदस्यों प्राचार्य अल्का शुक्ला, व्ही के जैन, महेन्द्र कुमार प्रजापति, राजेश कुमार सेन, मनोज जैन, राजू प्रजापति, राजकुमार सेन, हेमन्त सिंह घोष, लंपु लाल अहिरवार, देवी प्रसाद कुशवाहा, अशोक कुमार अवस्थी, मूलचंद्र प्रजापति, विनोद कुमार साहू, नन्द किशोर अहिरवार समस्त शिक्षक, कर्मचारी एवं नगर के लोगों ने स्वागत करते हुए रवानगी हेतु खुशी खुशी विदाई दी।

बी एल प्रजापति जी ने सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और नगर के लोगों के लिए आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया और कहा कि आप सभी के असीम प्रेम और सहयोग से आप सभी की ओर से अंतराष्ट्रीय शैक्षणिक भ्रमण के प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला और आशा करता हूं कि निश्चित तौर पर यह हमारे शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक होगा।

# देशज समारोह में हुई बघेलखंड, बुंदेलखंड जनपद के लोकगीतो एवं भगोरिया जनजातीय नृत्य की प्रस्तुति

तुलसीदास सोनी

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा स्थापित 'आदिवर्त' जनजातीय लोककला राज्य संग्रहालय- खजुराहो में प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को नृत्य, नाट्य, गायन एवं वादन पर केन्द्रित समारोह 'देशज' का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में रविवार 05 जनवरी , 2025 को सायं 05.00 सुश्री सुषमा शुक्ला एवं साथी रीवा द्वारा बघेली गायन की प्रस्तुति दी । गतिविधि की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं कलाकारों के स्वागत से की गई । आज की पहली प्रस्तुती की कलाकार सुश्री सुषमा शुक्ला आकाशवाणी रीवा की उच्च श्रेणी की कलाकार है । सुश्री सुषमा शुक्ला वर्ष 1992 से आकाशवाणी रीवा में बघेली लोकगीतों की प्रस्तुती देती आ रही है । आपने विन्ध्य महोत्सव रीवा , कंसर्ट प्रोग्राम भोपाल , राष्ट्रीय शिल्प मेला प्रयागराज एवं अन्य शाशकीय मंचो पर बघेली लोकगीतों की प्रस्तुती दी है । इसीक्रम मे अगली प्रस्तुति श्री मुकेश दरबार एवं साथी नेपानगर द्वारा भगोरिया नृत्य की प्रस्तुति दी । मध्यप्रदेश के झाबुआ और अलीराजपुर क्षेत्र में निवास करने वाली भील जनजाति का भगोरिया नृत्य, भगोरिया हाट में होली तथा अन्य अवसरों पर भील युवक-युवतियों द्वारा किया जाता है। फागुन के मौसम में होली से पूर्व भगोरिया हाटों का आयोजन होता है। भगोरिया हाट केवल हाट न होकर युवक-युवतियों के मिलन मेले हैं। यहीं से वे एक-दूसरे के सम्पर्क में आते हैं, आकर्षित होते हैं और जीवन सूत्र में बंधने के लिये भाग जाते हैं इसलिये इन हाटों का नाम भगोरिया पड़ा। भगोरिया नृत्य में विविध पदचाप समूहन पाली, चक्रीपाली तथा पिरामिड नृत्य मुद्राएं आकर्षण की केन्द्र होती हैं। रंग-बिरंगी वेशभूषा में सजी-धजी युवतियों का श्रृंगार और हाथ में तीरकमान लिये नाचना ठेठ पारम्परिक व अलौकिक सरंचना है। अंतिम प्रस्तुति देवी सिंह एवं साथी सागर , द्वारा बुन्देली लोकगीत की प्रस्तुति दी गई । सागर में जन्मे देवी सिंह का बचपन में सगीत के प्रति बहुत लगाव था । इन्होने मशहूर संगीतकार सुश्री अनुराधा पोडवाल के साथ भी संगतकार किया है । आकाशवाणी , दूरदर्शन में भी आपने पारम्परिक लोक गीतों की प्रस्तुती दी है । आल इण्डिया यूथ फेस्टिवल द्वारा वर्ष 1979 में पारम्परिक लोकगीतों के लिए गोल्ड मेडल से सम्मानित किया है । गतिविधि अन्तर्गत दिनांक 11 जनवरी 2025 को मुन्ना कुशवाहा एवं साथी बमीठा , विक्रम सिंह बुंदेला एवं साथी छतरपुर, रमेश कुमार सोनी एवं साथी बमीठा, गोकुल पटेल एवं साथी छतरपुर, सुश्री खुशी तिवारी एवं साथी छतरपुर द्वारा बुन्देली लोकगीतों की प्रस्तुति दी जायेगी ।





# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 हेतु सागर में स्वच्छता को प्रभावी बनाने के लिये युवा आये आगे

## सागर को स्वच्छता में अग्रणी बनाने और जन जागरूकता में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका – निगमायुक्त

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। सागर स्मार्ट सिटी कार्यालय में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों के तहत स्थानीय छात्र-छात्राओं, रंगकर्मियों, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर सहित शहर के ऊर्जावान युवाओं की बैठक आयोजित की गई। नगर निगम आयुक्त सह कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ सागर स्मार्ट सिटी राजकुमार खत्री की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में उपस्थित सभी युवाओं को स्वच्छ सर्वेक्षण की थीम और उद्देश्य से परिचित कराया गया और विस्तार से जानकारी दी गई। निगमायुक्त श्री राजकुमार खत्री ने बताया की नागरिकों की स्वच्छता चेतना को जगाकर जन जागरूकता लाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने बताया की सागर शहर उभरता हुआ स्मार्ट शहर है यहां नागरिक सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिये अत्याधुनिक तकनीकी अपनाते हुये तेजी से बुनियादी ढांचे में विकास किया जा रहा है। शहर पहले की अपेक्षा अधिक साफ-स्वच्छ और सुंदर होता जा रहा है। शहर विकास की दिशा में ही नागरिकों में स्वच्छता से जुडी आदतों का विकसित होना जरूरी है तभी हमारा सागर भी अन्य शहरों की तरह स्वच्छता में सिरमौर बनेगा। उन्होंने बताया की आज सागर में अत्याधुनिक मशीनों सहित मसवासी कचरा प्रोसेसिंग प्लांट है जहाँ डोर टू डोर कचरा कलेक्शन से एकत्र कचरा प्रोसेस कर उपयोगी उत्पाद खाद आदि बनाये जा रहे हैं। रोड स्वीपिंग के लिये सफाई मित्रों की टीम सहित अत्याधुनिक मशीने हैं। सकुशल संचालित सीवर ट्रीटमेंट प्लांट सहित सीवरेज सिस्टम नेटवर्क, स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज़ सिस्टम, निर्माण एवं ध्वंस सामग्री का पुनरुपयोग कर नये उत्पाद बनाने हेतु सी एंड डी वेस्ट प्लांट, एंड टू एंड पेबर ब्लॉक सहित बेहतर चौड़ी रोड, पक्के नाले-नालियों का नेटवर्क आदि सुविधाएं हैं। सागर में विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों के साथ ही स्वच्छता को प्रभावित करने वाले तीन बिंदुओं पर सुधारकार्य का प्रयास हम कर रहे हैं जिन्हें हम यलो स्पॉट, रेड स्पॉट और ब्लैक स्पॉट से परिभाषित करते हैं।




***1- यलो स्पॉट- खुले में पेशाब करना***

इस समस्या को समाप्त करने के लिये नागरिकों में जागरूकता होना अनिवार्य है हम सभी अपने घर में कहीं भी हो परन्तु टॉयलेट लगने पर निर्धारित टॉयलेट में पहुंच कर ही करते हैं। इसी प्रकार शहर भी हमारा घर है और यहां विभिन्न स्थलों पर 33 से अधिक टॉयलेटस, शौचालय आदि आधुनिक सुविधाओं सहित बने हैं इन टॉयलेटस शौचालय आदि को गूगल मेप से जोड़ा गया है ताकि कोई भी व्यक्ति गूगल मेप की मदद से नजदीकी टॉयलेट तक सहजता से पहुंच सके और नित्यक्रिया कर सके।

***2- रेड स्पॉट - पान गुटखा थूकने के निशान***

पान गुटखा आदि खाने का चलन अन्य शहरों में भी है लेकिन हमारे यहां सड़कों पर, भावनो की दीवारों और अन्य स्थलों पर थूकने के लाल निशान अक्सर दिखाई देते हैं। नवनिर्मित चकराघाट के आस-पास भी दिखाई दिये इस समस्या को समाप्त करने के लिये थूकने वालों पर जुर्माना भी किया गया है इस समस्या से पूरी तरह मुक्त होने के लिये जन जागरूकता आवश्यक है। पान गुटखा खाकर यहां वहाँ थूकते पाये जाने पर जुर्माने की कार्यवाही निरंतर जारी है।

***3- ब्लैक स्पॉट - ऐसे छिपे स्थल जो कचराघर बने हैं***

इस समस्या को समाप्त करने के लिये शहर में ऐसे स्थल चिन्हित किये गये जो अक्सर साफ-सफाई की जद से बाहर रहकर गंदे ही रह जाते थे, जिन्हें साफ-स्वच्छ करने में अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ता था। इन चिन्हित स्थलों को पूरी तरह साफ-स्वच्छ कर नये स्वरूप में परिवर्तित किया जा रहा है पीली कोठी चौराहा पर बना स्टेप फाउंटेन झरना और शीतला माता तिराहा पर आकर्षक रथ और निर्माणाधीन पार्क आदि इसके उदाहरण हैं आगे भी ऐसे अन्य ब्लैक स्पॉट स्थलों को नये स्वरूप में विकसित कर साफ-स्वच्छ और सुंदर बनाया जायेगा।

शहर की स्वच्छता को प्रभावी बनाते हुए सागर को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में अग्रणी बनाने के लिये निगमायुक्त श्री राजकुमार खत्री के द्वारा दी गई महत्वपूर्ण जानकारी से प्रभावित होकर उपस्थित सभी युवा शहर में स्वच्छता की लहर लाने के लिए प्रेरित हुये। युवाओं ने भी शहर में गंदगी दिखने के कारणों पर प्रकाश डालते हुये अपने विचार रखे किसी ने बताया की बच्चों के डायपर यहां वहाँ फेकने से जानवर इन्हें नोचकर कचरा फैला देते हैं। किसी ने कहा की पुराने अनुपयोगी कपड़े बड़ी मात्रा में यहां वहाँ डाल दिये जाते है। जाने अनजाने की गई ये तमाम लापरवाहियां शहर की स्वच्छता को प्रभावित करती हैं। सभी युवाओं ने आगे आकर इस स्वच्छता मुहिम में बढ़चढ़ कर सहभागिता करने, नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाने, शहर की स्वच्छता सुंदरता को प्रभावित करने वालों को रोकने-टोकने का प्रण लिया। सभी अपने अपने स्तर पर जन जागरूकता से स्वच्छ सागर बनाने में सहयोगी बनेंगे। छात्र-छात्राएं स्कूल- कॉलेज, कोचिंग संस्थान आदि में जागरूकता के लिये कार्य करेंगे और शहर की स्वच्छता से अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ेंगे, रंगकर्मी नुक्कड़ नाटक व अन्य विधाओं से स्वच्छता का संदेश जन जन तक पहुंचायेंगे। सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर अपने-अपने मीडिया पेज आदि के माध्यम से स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाकर स्वच्छ सागर की परिकल्पना को साकार बनाने के साथ स्वच्छता में अग्रणी सागर बनाने में सहयोगी बनेंगे।

# राधे राधे प्रभात फेरी मंडल के 13वीं साल में प्रवेश पर निकाली भव्य जोरदार शोभायात्रा

## 4 लोगों से शुरू हुई राधे-राधे प्रभातफेरी में अब 350 से अधिक लोग

**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/सारी समस्याओं का हल, प्रभात फेरी में चल, जगत जंजालों से निकल, प्रभात फेरी में चल, राधे राधे प्रभात फेरी मंडल के 13वीं साल में प्रवेश पर निकाली भव्य जोरदार शोभायात्रा 4 लोगों से शुरू हुई राधे-राधे प्रभातफेरी में अब 350 से अधिक लोग। उल्लेखनीय है कि राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल के 13 साल पूरा होने पर रविवार को शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। राधे-राधे प्रभातफेरी मंडल के सदस्य राकेश सेन ने बताया- जनवरी 2013 में नृसिंह मंदिर में आयोजित कथा में वृंदावन से पधारे भागवत कथा व्यास कबीरचंद और सागर के राजघाट बांध से पधारे त्रेडंडी स्वामी ने कहा था कि सारी समस्याओं का हल प्रभात फेरी में है।



इसके बाद शहर के चार लोगों ने राधे-राधे प्रभात फेरी शुरू की। धीरे-धीरे इसमें लोग जुड़ते गए और आज 350 से भी ज्यादा लोग जुड़े गए हैं। रविवार को राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल के 13 साल पूरे होने पर मां जागेश्वरी धाम से शोभायात्रा निकाली गई जो नगर के महावीर चौक, नई बस्ती, इंदिरा गांधी वार्ड होते हुए पाली हनुमान मंदिर पर पहुंची। यहां सामूहिक हनुमान चालीसा संकीर्तन के साथ भंडारा कराया गया।

***हर दिन सुबह 5 बजे निकाली जाती है प्रभात फेरी***

राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल के सदस्य रोजाना सुबह 5 बजे मां जागेश्वरी धाम से प्रभात फेरी शुरू करते हैं जो नगर भ्रमण करती हुई मां जागेश्वरी धाम पर संपन्न होती है। साथ ही प्रभात फेरी में विशेष रूप से राष्ट्रीय त्योहार 15 अगस्त, 26 जनवरी एवं महापुरुषों की जयंती के साथ ही धार्मिक त्योहार भी मनाया जाता है। समय-समय पर प्रभात फेरी में शामिल सदस्यों के जन्म उत्सव भी मनाए जाते हैं। इसके अलावा प्रत्येक एकादशी को विशेष संकीर्तन किया जाता है शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में महिला पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए।

## हमारी नजर केवल क्षेत्र के विकास पर - विधायक सप्रे

**-विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए विधायक लगातार सरकार से ला रही करोड़ों की राशियां**

**-पिपरासर, भानगढ़ और भरछा में बनेंगी 1 करोड़ 34 लाख की सडके**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/ बीना विधानसभा क्षेत्र में विकास अपनी तेजगति से दौड़ रहा है। बीना में आज तक इतनी बड़ी राशियां ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए कोई भी जनप्रतिनिधि नहीं ला पाया, जितना महिला विधायक के रूप में श्रीमति निर्मला सप्रे ला रही हैं। उल्लेखनीय है कि विकास यात्राओं के माध्यम से करोड़ों रुपए के भूमिपूजन और शासकीय स्वीकृति से विकास कार्य को आगे बढ़ाने की श्रृंखला में विधायक निर्मला सप्रे ने ग्राम पिपरासर, भानगढ़ और भरछा में 1 करोड़ 34 लाख रुपए की प्रधानमंत्री सड़क योजना अंतर्गत सडक़, सीसी रोड एवं बीटी सडक़ की स्वीकृति कराई है, जल्द ही यहां के भूमिपूजन करा के कार्य शुरू कराए जाएंगे। विधायक निर्मला सप्रे ने बताया कि ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सागर के तकनीकि स्वीकृति पत्र के आधार पर प्रशासकीय स्वीकृति भी दिलाई गई है जिसमें ग्राम पंचायत भानगढ़ में खिरिया भगवती से बीटी सडक़ निर्माण 26 लाख 3 हजार एवं ग्राम भरछा में सीसी रोड निर्माण लागत 28 लाख रुपए स्वीकृत कराए हैं। इसके साथ ही ग्राम पंचायत पिपरासर में महादेव घाट से प्रधानमंत्री सडक़ सीसी रोड निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति 79 लाख 96 हजार (लगभग 80 लाख) रूपए की लागत से बनाए जाएंगे।



***हमारी नजर केवल क्षेत्र के विकास पर - विधायक***

विधायक निर्मला सप्रे ने कहा कि हमारी नजर केवल क्षेत्र के विकास पर है जो विकास के लिए जनता ने हमें अपने अमूल्य मत दिए हम जनता के प्रति उतनी ही जवाब देही के साथ अपना कार्य कर रहे हैं। जल्द ही इन सभी कार्यों का भूमिपूजन कराके निर्माण कार्य शुरू कराए जाएंगे ताकि ग्रामीणों को पहुंच मार्ग व्यवस्थित रूप से मिल सके और उनका सफर आसान हो सके।

# डाइट से साहित्यकार पंडित बनारसी दास चतुर्वेदी का नाम हटाना दुर्भाग्यपूर्ण

## तीर्थ स्थली कुंडेश्वर को बनाया था अपनी कर्मभूमि

**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। बुंदेलखंड को पहचान दिलाने वाले पंडित बनारसीदास चतुर्वेदी का नाम शिक्षा जगत एवं साहित्य जगत में सम्मान से लिया जाता है। उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। देश के प्रथम राष्ट्रपति डां राजेन्द्र प्रसाद से उनके संबन्ध और उनके प्रयासों से जिले को मिले राजेन्द्र प्रसाद जिला अस्पताल, राजेन्द्र सागर बांध और राजेन्द्र पार्क की सौगातों को आज भी लोग भूले नहीं हैं। कुंडेश्वर में संचालित पंडित बनारसीदास चतुर्वेदी डाइट प्रशिक्षण संस्थान को पंडित बनारसीदास चतुर्वेदी के नाम से किए जाने के लिए आवाज उठाई जाने लगी है। साहित्यकारों ने इसे पंडित जी अपमान बताते हुए केन्द्र एवं राज्य सरकार से डाइट का नाम करण पंडित बनारसीदास चतुर्वेदी के नाम से किए जाने पर जोर दिया है। जिले के वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप खरे ने कहा कि देश में कई स्थानों के नाम बदलकर आम जनता की भावनाओं मखौल उड़ाया गया है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। पत्रकार बनारसी दास जी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उनकी कर्मस्थली कुंडेश्वर में संचालित डाइट संस्थान को पंडित जी के नाम से किए जाने के लिए शासन स्तर पर प्रयास किए जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब बुनियादी प्रशिक्षण संस्थान कुंडेश्वर पंडित बनारसी दास जी के नाम से रहा है, तो उसके स्थान पर बनाए गए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट से पंडित जी का नाम कैसे और क्यों हटा दिया गया। उन्होंने कहा कि इसके पूर्व जिले मे अमर शहीद नारायण दास खरे के नाम से बड़ागांव में संचालित हायर सेकेंडरी स्कूल एवं ओरछा में संचालित अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद हायर सेकेन्डरी स्कूल का नाम भी नाटकीय ढंग से बदल दिया गया था, जो बाद में सुधारा गया। इसी प्रकार पंडित बनारसी दास जी के नाम से संचालित बुनियादी प्रशिक्षण संस्थान का नाम पंडित बनारसी दास जी के नाम से रहा, तो उसके स्थान पर सरकार द्वारा खोले गए डाइट से उनका नाम कैसे हटाया गया। साहित्यकारों एवं शिक्षाविदों ने उनकी जयंती के अवसर पर डाइट को पंडित जी के नाम से किए जाने की मांग उठाई थी। इस संबन्ध में जिले के व्यंगकार एवं डाइट में पदस्थ रहे राम गोपाल रैकवार ने बताया कि वर्ष 1987 तक यहां बुनियादी प्रशिक्षण संस्थान बीटीआई पंडित बनारसी दास चतुर्वेदी के नाम से संचालित रहा।



पंडित जी बीटीआई के प्रथम प्राचार्य भी रहे। उन्होंने यहां से मधुकर पत्रिका का संपादन किया। पंडित बनारसीदास जी इसके पहले विशाल भारत के संपादक रहे। वह कलकत्ता से निकलने वाले समाचार पत्र विशाल भारत के बाद कुंडेश्वर आए थे। श्री रैकवार ने बताया कि सारे देश में सन् 1987 के बाद से डाइट संचालित हुई। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बनने के बाद से ही संस्थान से पंडित बनारसीदास जी का नाम हटा दिया गया, जो दुर्भाग्यपूर्ण कहा जाएगा। हजारों किसानों, रोगियों एवं बच्चों की चिंता करने वाले पंडित बनारसी दास जी के स्मारक एवं डाइट से संस्थान से हटाए गए उनके नाम पर किसी ने चिंता नहीं जताई। इस दिशा में शासन एवं प्रशासन के साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों को पहल करना चाहिए। पंडित जी की कर्मभूमि पर उनकी यादों को संजोए रखने की जिम्मेदारी जिला वासियों की है। इसी प्रकार कवि राजीव नामदेव राना लिधौरी, हरि विष्णु अवस्थी, केएल टेलर सहित अनेक कवियों एवं साहित्यकारों ने केन्द्र एवं राज्य सरकारों से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान का नामकरण पंडित बनारसीदास चतुर्वेदी के नाम से किया जाए।

***स्मृतियां को हटाए जाने की साजिश...?***

देश के जाने मानें शिक्षा विद् एवं साहित्यकार पंडित बनारसी दास जी की स्मृतियों को एवं उनके नाम को हटाए जाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसे एक सोची समझी साजिश माना जा रहा है। कुंडेश्वर उनकी कर्मभूमि रही है। यहां आजादी के महापर्व 15 अगस्त 1947 को उनके द्वारा चंदन का पौधा रोपा गया था, जो बड़ा हुआ और अचानक कतिपय लोगों ने उसे काट डाला। इसके साथ ही अब संस्थान से ही उनका नाम गायब है। डाइट को पंडित जी के नाम से संचालित कर स्थानीय लोगों की भावनाओं का सम्मान किया जाना चाहिए। इस संबन्ध में स्थानीय विधायक यादवेन्द्र सिंह ने कहा कि यदि संस्थान से पंडित जी का हटा दिया गया है, तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है। पंडित जी का बुंदेलखंड के लिए बहुत बढ़ा योगदान रहा है।

### एडीजी कानपुर रेंज के नेतृत्व में-

## महाकुंभ को लेकर आयोजित झांसी में हुई अंतरराज्यीय बॉर्डर मीटिंग

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। प्रयाग में होने जा रहे महाकुंभ के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रयाग सहित आसपास के इलाकों में भी आने-जाने वालों पर नजर रखने और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए प्रशासनिक स्तर पर ठोस कदम उठाए जाने लगे हैं। सीमावर्ती इलाकों के अलावा उत्तर प्रदेश एवं मध्यप्रदेश के सीमावर्ती इलाकों में चाक चौबंद व्यवस्था करने के लिए अधिकारियों की बैठकें आयोजित की जाने लगी हैं। यूपी के सीमावर्ती क्षेत्र झांसी में मध्यप्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के 11 सीमावर्ती जिलों के अधिकारियों की बैठक में तैयारियों को लेकर विचार विमर्श करने के साथ ही आवश्यक निर्देश दिए गए। बताया गया है कि पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ सहित 11 सीमावर्ती जिलों के प्रशासनिक, पुलिस अधिकारी बैठक में शामिल हुए। आगामी महाकुंभ मेला एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए हुई बॉर्डर मीटिंग हुई। सीमावर्ती आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु एक्शन प्लान बनाया गया। बताया गया है कि 04 जनवरी 2025 को झाँसी उप्र के सयुंक्त कार्यालय सभागार में मध्यप्रदेश एवं उत्तरप्रदेश के 11 सीमावर्ती जिलों की आगामी महाकुंभ एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए बॉर्डर मीटिंग आयोजित हुई मीटिंग का नेतृत्व एडीजी कानपुर रेंज आलोक सिंह ने किया । उक्त बैठक में जिला टीकमगढ़ से पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई एएडीएम पीएस चौहान शामिल हुए। इसी प्रकार 11 सीमावर्ती जिलों से प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी एवं सेना अधिकारी शामिल हुए । उक्त बॉर्डर मीटिंग में आगामी महाकुंभ की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते सीमावर्ती आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने, संयुक्त चैकिंग करने, सूचना का आदान प्रदान करने एवं महाकुंभ में जाने बाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था करने के संबंध में एक्शन प्लान बनाया गया । उक्त बैठक में प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी, भारतीय सेना के अधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग के अधिकारी भी शामिल हुए । टीकमगढ़ पुलिस द्वारा अपने सीमावर्ती जिलो को पुलिस से समन्वय स्थापित कर सीमावर्ती आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के प्रयास निरंतर जारी है।



### जिला अस्पताल में कोटपा अधिनियम अंतर्गत-

## गुटखा खाने और बीड़ी पीने वाले कर्मचारियों का हुआ जुर्माना, बसूली राशि


परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। जिला अस्पताल कैंपस एवं बार्डो में गुटखा, पान और तम्बाकू खाकर थूंकने वालों एवं बीड़ी सिगरेट पीने वालों पर अब नजर रखी जा रही है। केंपस के पास ही संचालित दुकानों पर बिकने वाले गुटखा और बीड़ी आदि का उपयोग अधिकांश अस्पताल में पदस्थ कर्मचारियों एवं यहां आने वालों द्वारा किया जाता है। बिक्रेताओं को जहां बेंचने की यहां छूट दी गई है, तो वहीं दूसरी ओर इसका सेवन करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। रोगियों एवं अटैन्डरों के साथ ही कर्मचारियों पर की गई कार्रवाई से फिलहाल सनसनी फैली हुई है। अब देखना है कि अस्पताल कैंपस से सौ मीटर के दायरे में जानलेवा पदार्थों की बिक्री को प्रशासन कब तक गंभीरता से नहीं लेता है। बताया गया है कि कैंपस के पास ही बीड़ी, सिगरेट, गुटखा की बिक्री होने से यहां अस्पताल में भर्ती रोगियों को जानलेवा गुटखा, बीड़ी और सिगरेट आसानी से मिल जाते हैं। उपचार के दौरान ही कई रोगी और उनके साथ आने वाले अटेंडर इनका धड़ल्ले से सेवन करते आए हैं। जिसके परिणाम असंतोषजनक रहे हैं। स्कूलों के आसपास आसपास एवं अस्पताल के समीप इस तरह के पदार्थों की बिक्री नहीं होना चाहिए। बताया गया




है कि कलेक्टर अवधेश शर्मा के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शोभाराम रोशन के निर्देशन तथा सिविल सर्जन डॉ अमित शुक्ला के मार्गदर्शन में नववर्ष के प्रारम्भ में जिला चिकित्सालय टीकमगढ़ में कोट्पा अधिनियम 2003 के तहत अमल में लाने हेतु गुटखा खाने वाले स्टाफएवं कर्मचारियों पर जुर्माना की कार्यवाही कर शुरुआत की गई। जिसमें फार्मासिस्ट, वार्ड बॉय सफाई सुपरवाइजर आदि की रसीद काटी गई। इसके साथ ही गुटखा एवं नशीले पदार्थों को अस्पताल में खाने और लाने वाले 12 लोगों पर जुर्माना की कार्यवाही की गई। जिला नोडल अधिकारी कोटपा कानून डॉ डीएस भदौरिया, सहायक प्रबन्धक डॉ सिद्धार्थ रावत, डॉ अंकुर साहू, जिला अस्पताल की इंटरनल कमिटी डॉ विनय सोनी ने बताया कि जो लोग सेवन करते या गुटका एवं नशीले पदार्थ लाए हुये पाये गये उन लोगों की रसीद काटी गई तथा इसके सेवन से होने वाले दुष्परिणामों को लेकर आम जनता को जागरूक किया गया। इस दौरान अस्पताल में आये सभी मरीजों के साथ आने वाले व्यक्तियों एवं वार्ड में लोगों की गुटका तम्बाकू बीड़ी एवं अन्य नशीली पदार्थों की चेकिंग की गई एवं कोटपा रसीद काटकर 1240 रुपए की राशि जमा की गई। इस दौरान गार्ड सुपरवाइजर सद्दाम खान, दुर्गेश रैकवार, विक्रम, निर्वेश एवं अन्य गार्ड उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत भुलगवा में सरपंच, सचिव, उपयंत्री की मिली भगत से भ्रष्टाचार एवं फर्जीवाड़ा लगातार जारी

## फर्जी बिल बाउचर लगाकर पंच परमेश्वर, मनरेगा योजना की राशि में लाखो का गबन







**ऋषि मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जनपद पंचायत गुनौर अन्तर्गत ग्राम पंचायत भुलगवा में विगत दो वर्ष से शासकीय योजनाओं में भ्रष्टाचार लगातार जारी है, जमीनी स्तर पर काम नहीं है, लेकिन कागजो में फर्जी रूप से मजदूरी, मटेरियल तथा अन्य कार्यो के नाम पर राशि खर्च करना दर्शाया गया है, उक्त मामले को लेकर पूर्व में भी स्थानीय लोगो द्वारा शिकायते की गई। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई है, अभी हाल ही मे फिर से ग्रामीणो द्वारा ग्राम पंचायत के जिम्मेवारो पर कार्यवाही करने की मांग की गई है। उदाहरण के तौर पर 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस 2024 में बुदी वितरण के नाम पर 16 हजार का बिल बाउचर लगाकर राशि आहरित की गई तथा टेंट हाउस कुर्सी खरीदी सहित अन्य कार्यो के नाम पर हजारो रूपये के बिल बाउचर लगाये गये है, इसी प्रकार सीसी सड़क नाली तथा अन्य निर्माण कार्यो के नाम पर व्याप्क स्तर पर सीमेंट, गिट्टी, लोहा, सहित अन्य मटेरियल के बिल बाउचर लगाकर भ्रष्टाचार किया गया है। स्थानीय लोगो ने यह भी शिकायत में उल्लेख किया है कि महिला सरपंच होने के चलते उनके पति तथा उनके पुत्र द्वारा ग्राम पंचायत का संचालन मनमाने ढंग से किया जाता हैं, एवं सचिव प्रेमदास परोंहा एवं जिले में भ्रष्टचार के लिए चर्चित रहें उपयंत्री राजनारायण मिश्रा, की मिली भगत से यह फर्जीवाड़ा ग्राम पंचायत मे लगातार चल रहा है। जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग व्याप्क स्तर पर किया गया है। खेत तालाब और सीसी निर्माण कार्यों में फर्जी बिलों के जरिए करोड़ों रुपये की राशि हड़प ली गई है। ग्रामीणों के मुताबिक, पंचायत के कार्यों के लिए जिन बिलों पर दस्तखत किए जाते हैं, उन पर कभी भी सरपंच शीला दहायत के असली हस्ताक्षर नहीं होते। इसके बजाय, उनके पुत्र के द्वारा फर्जी हस्ताक्षर किए जाते हैं। जब पंचायत सचिव ने इन फर्जी बिलों को रोकने की कोशिश की, तो बाबुलाल दहायत और सचिन दहायत ने सचिव और रोजगार सहायक के खिलाफ फर्जी शिकायतें दर्ज करवा दीं और उन्हें हटाने की मांग की। इसके अलावा ग्राम पंचायत में पुराने स्कूल की सामग्री और हैंडपंप के पाइपों की जांच की गई, तो पता चला कि इनकी खुदाई तो की गई, लेकिन न तो उनका भुगतान किया गया और न ही पाइप लाइन लगाई गई। सभी सामान को उठाकर किसी अन्य स्थान पर भेज दिया गया, और उसकी राशि का फर्जी तरीके से आहरण कर लिया गया। स्थानीय ग्रामीणो नें विगत दो वर्ष में विभिन्न योजनाओं से हुए निर्माण कार्यो की जांच कराये जाने तथा कार्यवाही करने की मांग की है।

# राष्ट्रीय राज्य मार्ग के अधिकारीयों की लापरवाही के चलते मड़ला घाटी सड़क का निर्माण कार्य अधर में स्वीकृति मिलने के बावजूद नहीं कराया गया कार्य

**-पुलिया तथा सड़क की हालत बदतर, आये दिन लगता है जाम हो रही दुर्घटनाए**
**-कार्यपालन यंत्री शंकर लाल नहीं उठाते है फोन**



परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना टाईगर रिजर्व क्षेत्र से निकले राष्ट्रीय राज्य मार्ग 39 की भैरव टैंक घाटी की सड़क की हालत बदतर है, घाटी पर बनीं सड़क के दोनो ओर साईड सोल्डर पूरी तरह से खराब है तथा तथा अगल बगल में बनीं सुरक्षा दीवार मे पूरी तरह से नष्ट हो गई है, कुछ दिन पूर्व टाईगर रिजर्व द्वारा सड़क बनाने के लिए एन ओ सी भी जारी की गई थी। लेकिन इसके बावजूद राष्ट्रीय राज्य मार्ग के जिम्मेवार अधिकारीयों के द्वारा संबंधित सड़क के मरम्मत कार्य को लेकर कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई तथा भारी उदासीनता दिखाई, जिसके चलते उक्त कार्य नहीं हो पाया, आये दिन दुर्घटनाए हो रही है तथा जाम लग रहा है, ज्ञात हो कि सतना, पन्ना, से हो कर छतरपुर के लिए एक ही प्रमुख मार्ग है, जिसमें सबसे अधिक वाहन चलते है, इस लिए उक्त सड़क की मरम्मत का कार्य होना बहुत ही आवश्यक है। लेकिन उदासीन अधिकरी तथा जिम्मेवार जन प्रतिनिधी भारी लापरवाह बनें हुए है सिर्फ अखबारो एवं मीडिया पर एलीवेटेड सडक निर्माण की बात करते है तथा जिले की जनता को गुमराह करने मे लगें रहते है। केन नदी पर बनें पुल की भी स्थिति बदतर है, उसकी समय सीमा पूरी हो चुकी है, इसके बावजूद उक्त पुल निर्माण को लेकर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। राष्ट्रीय राज्य मार्ग 39 के कार्यपालन यंत्री शंकरलाल कभी भी मोबाईल फोन नहीं उठाते और न ही अपनी जिम्मेवारी के प्रति गंभीर है। स्थानीय लोगो ने तत्काल संबंधित सड़क मार्ग एवं पुल निर्माण कराये जाने की मांग की है।

# अवैध शराब के साथ दो आरोपियों को मोटर साईकिल सहित आबकारी विभाग की टीम ने पकड़ा

**दयाशंकर दीक्षित**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिले में अवैध शराब का कारोबार चरमसीमा पर चल रहा है, गांव गांव मे अवैध शराब विक्रय की जा रही है, अन्य जिलो तथा स्थानीय ठेकेदारो के माध्यम से मोटर साईकिलो एवं चार पहिया वाहनो में अवैध शराब भेजी जा रही हैं, समय समय पर आबकारी विभाग तथा पुलिस विभाग द्वारा कार्यवाही भी की जाती है, इसी प्रकार का मामला सामने आया है, आबकारी विभाग द्वारा कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश पाण्डेय के नेतृत्व में अवैध शराब की धर-पकड़ की गई। इसी दौरान पन्ना आबकारी टीम को एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। दो मोटर साईकल सहित दो आरोपियों सहित 350 पाव देशी सादा मदिरा जप्त की गयी है। आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश पाण्डेय ने बताया कि अवैध शराब के विरुद्ध चल रहे अभियान के अंतर्गत मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया है। विश्वस्त मुखबिर से सूचना मिली कि कटनी से मोटर साईकल से चार व्यक्ति थैलों में भरकर अवैध शराब लेकर पन्ना की तरफ आ रहे है। सूचना की पुष्टि होने पर वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दी गयी। उनके दिए निर्देश दो टीम गठित कर प्राप्त सूचना अनुसार अलग-अलग जगहों पर घेराबंदी के लिए लगाया गया। पन्ना-कटनी मार्ग से जंगल में कुछ अंदर पन्ना-बराछ मार्ग पर दोनो बाइक खड़ी कर चारों व्यक्ति किसी का इंतजार कर रहे थे। तभी आबकारी की गाड़ी को देखकर मौके से चारों भागने लगे। लेकिन आबकारी टीम ने दो आरोपियों को तो धर दबोचा। दो व्यक्ति कोहरे का लाभ लेकर उठाकर मौके से फरार हो गये। पकड़े गये दोनो आरोपियों से जब पूछताछ की गयी तो उन्होंने अपना नाम दीपक दुबे पिता रामस्वरूप दुबे, उम्र 35 वर्ष, निवासी - ग्राम पटी राजा, थाना बहोरीबंद जिला कटनी एवं दशरथ बर्मन पिता रामप्यारे बर्मन, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम-बाकल खमरिया थाना बहोरीबंद, जिला कटनी बताया। बाइक पर रखे थैलों के बारे में पूछने पर दोनो आरोपियों द्वारा शराब होना बताया गया। जब थैले खोलकर देखे गये तो उनमें कुल 350 पाव देशी सादा शराब (कुल मात्रा 63 लीटर ) अनुमानित कीमत 25,000 रुपये होना पाया गया। जब उक्त दोनों आरोपियों से उक्त शराब के सम्बंध में कोई वैध परमिट या लायसेंस के बारे में पूछा गया तो कोई परमिट या लायसेंस न होना बताया। दोनो आरोपियों को मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के अपराध में गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाई में आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश पाण्डेय के साथ आबकारी आरक्षक देवधर शर्मा, रवि प्रकाश मिश्रा, सोनू कोरकू, नगर सैनिक वीरेंद्र यादव, मोतीलाल प्रजापति, फोटोलाल प्रजापति, श्रीमती कौशल्या बाई और सोहेल खान, मुकेश समारी शामिल रहे।




## झारखंडन मे गौ शाला के लिए पूर्व सरपंच नें दान की पांच एकड़ जमीन

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पवित्र नगरी पन्ना में पधारे संत अयोध्या के श्री राम लला सरकार के विचारों एवं चमत्कारों से हर कोई प्रभावित हो रहा है। झारखंडन धाम सकरिया में भीड़ लगने लगी है। झारखंडन माता के धाम में पहुंचने वाले किसी भी भक्त को श्री राम लला सरकार बिना भोजन प्रसाद के वापस नहीं लौटने देते, भोजन एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए क्षेत्र वासियों के द्वारा बढ़-चढ़कर सहयोग किया जा रहा है। इसी क्रम में सकरिया के पूर्व सरपंच देव सिंह सिंह यादव ने श्री राम लला सरकार को गौशाला के लिए 5 एकड़ भूमि दान की है, जिसमें सर्व सुविधायुक्त भव्य एवं विशाल गौशाला का निर्माण होगा। जहां लगभग 5000 से अधिक गोवंश को रखा जाएगा। झारखंडन धाम में दान दाता देव सिंह यादव ने श्री राम लला सरकार एवं उपस्थित जनों के समक्ष 5 एकड़ जमीन गौशाला के लिए दान देने का संकल्प लिया।

# गरीब दलित किसान की जमीन पर कर दिया सड़क पुलियों का निर्माण

## कार्यवाही करनें लगाई गुहार, ग्राम पंचायत सथनिया में व्यापक भ्रष्टाचार

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिले में मनमानी का आलम लगातार जारी है सबसे अधिक भर्रेशाही ग्राम पंचायतो मे चल रहा है, ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव उपंत्रीयों द्वारा मनमाने ढंग से कार्य किया जा रहा है तथा शासन द्वारा संचालित योजनाओं में व्याप्क स्तर पर भ्रष्टाचार भी किया जा रहा है, तथा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहीयों को न देकर अपात्रो को दिया जा रहा है, तथा चुनावी रंजिश का भी बदला लिया जा रहा है, इसी प्रकार का मामला गुनौर जपपद पंचायत अंन्तर्गत ग्राम पंचायत सथनिया का प्रकाश मे आया है, ग्राम पंचायत के दलित, बृद्ध गरीब, भदई राम चौधरी ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा तहसीलदार गुनौर के नाम आवेदन देते हुए बताया कि, मेरी स्वंय की खेती की पैत्रिक जमीन है, जिसका आरआजी नम्बर 1528 रकवा 5 एकड़ का है, तथा मै उसका मै भूमि स्वामी हूँ, सरपंच ओम प्रकाश तथा सचिव द्वारा शासकीय जमीन पर सड़क का निर्माण न करके मेरी जमीन पर सड़क एवं दो पुलियों का मनमाने ढंग से निर्माण करा दिया गया है, जिससे मुझे भारी नुकसान हुआ है तथा परिवार का उदर पोषण भी प्रभावित हुआ है, क्योकि बहुत सारी जमीन मेरी उक्त सड़क तथा पुलियों के निर्माण मे चली गई है, जबकी शासकीय जमीन भी वहीं पर स्थित है। आवेदक ने संबंधित निर्माण कार्य पर रोक लगाये जाने की मांग की है।



# युवा प्रतिभाओं को सम्मानित करना और उन्हें मार्गदर्शन देना अत्यंत प्रशंसनीय कार्य-राज्यमंत्री श्री लोधी

## अखिल भारतीय लोधी लोधा लोध अधिकारी कर्मचारी संघ द्वारा कैरियर गाइडेंस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन, हुआ प्रतिभाओं का सम्मान






**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह - 05 जनवरी। अखिल भारतीय लोधी लोधा लोध अधिकारी-कर्मचारी संघ आलोक के तत्वावधान में मां हरसिद्धि मंदिर प्रांगण में जिला स्तरीय कैरियर गाइडेंस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी और मुख्य वक्ता एवं आलोक संघ के राष्ट्रीय मार्गदर्शक आईआरएस जीएसटी ज्वाइंट कमिश्नर लोकेश कुमार लिल्हारे, सतेन्द्र सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, लोकेंद्र पटेल (लकी भैया) सहित समाज के वरिष्ठजनों की गरिमामय मौजूदगी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी और स्वामी ब्रह्मानंद के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना और माल्यार्पण से हुई। अतिथियों का स्वागत आलोक संघ के पदाधिकारियों द्वारा फूल माला, मेडल और बेच लगाकर किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश के पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा फ़युवा प्रतिभाओं को सम्मानित करना और उन्हें मार्गदर्शन देना अत्यंत प्रशंसनीय कार्य हैं। यह युवा पीढ़ी को प्रोत्साहित करने और उनके उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने का कार्य करता है। आईआरएस लोकेश कुमार लिल्हारे ने करियर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, फ़करियर का चयन जीवन का एक बड़ा निर्णय है। यह न केवल व्यक्ति की जीवनशैली को प्रभावित करता है बल्कि समाज में उसकी स्थिति भी निर्धारित करता है। बच्चों को शिक्षित करना और परिवार को शिक्षा के प्रति जागरूक बनाना समाज और परिवार दोनों के विकास के लिए आवश्यक है।

***प्रतिभाओं का सम्मान***

इस कार्यक्रम में 2024-25 में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले लगभग 300 छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा समाज के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों, 2023-24 में सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों और नवनियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों को साल, श्रीफल और शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई। इस दौरान बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जिले के लोधी क्षत्रिय समाज के पदाधिकारी, आलोक संघ के सदस्य, नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ समाजसेवी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन जिला अध्यक्ष नारायण सिंह ने किया।

## शासकीय प्राथमिक शाला देवरान टपरिया में चल रहे तीन दिवसीय विंटर कैंप का कलेक्टर श्री कोचर की गरिमामयी मौजूदगी में हुआ समापन




परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 05 जनवरी। शासकीय प्राथमिक शाला देवरान टपरिया में तीन दिवसीय विंटर कैंप का आज कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की गरिमामय मौजूदगी में समापन हुआ। कलेक्टर श्री कोचर ने सभी छात्रों से चर्चा की। साथ ही विंटर कैंप के संबंध में राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका शीला पटेल से जानकारी ली।

कलेक्टर श्री कोचर ने शिक्षकों और छात्रों को पुनीत कार्य के लिए शुभकामनाएं दी। संपूर्ण स्कूल प्रागंण का कलेक्टर द्वारा अवलोकन किया गया। इस दौरान उन्होंने स्कूल परिसर स्वच्छ, सौंदर्य, वॉल पेंटिंग की सराहना की।

शिक्षिका शीला पटेल ने कहा विंटर कैंप में गांव में निवासरत सभी कक्षा पांचवी एवं कक्षा आठवीं के छात्रों को शामिल किया गया। तीन दिवस में कक्षा पांचवी एवं कक्षा आठवीं की बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए विशेष कक्षाएं आयोजित की गई। तीनों दिवस अलग-अलग विषयों के शिक्षकों ने बच्चों को शिक्षा के साथ अन्य गतिविधिया भी सिखाई। विंटर कैंप में छात्रों को योग, डांस और खेल-खेल में गतिविधि आधारित शिक्षा दी गई।

इस अवसर पर शिक्षक मोहन सिंह ठाकुर, शिक्षक राजेंद्र पटेल, रश्मि पटेल, लक्ष्मी पटेल, भारती चौबे, बलवंत ठाकुर, विद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राओं, ग्रामीणजनों, छात्रों की उपस्थिति रही।

## जटाशंकर पार्क के पास लगाया गया पांचवां जैविक/प्राकृतिक खेती उत्पाद हाट बाजार

**-21 किसानों द्वारा अपने जैविक प्राकृतिक खेती से उत्पादित उत्पाद विक्रय हेतु लाए गए**
**-लगभग 350 से अधिक क्रेतागण पहुँचे जैविक उत्पाद खरीदने, लगभग 40 हजार से अधिक राशि की कृषकों की हुई विक्री**
**-पाँचवे हाट बाजार तक लगभग 1 लाख 80 हजार से अधिक के जैविक उत्पादों का कृषकों द्वारा किया जा चुका है विक्रय**



परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 05 जनवरी। जिले के जन प्रतिनिधियों एवं किसान संगठनों की मांग पर जिला प्रशासन द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार पांचवां जैविक/प्राकृतिक खेती उत्पाद हॉट-बाजार विगत रविवारों की भांति प्रातः 10 बजे से शाम 04 बजे तक जटाशंकर पार्क के पास जैविक/प्राकृतिक खेती से उत्पादित हानिकारक रसायन रहित उत्पाद क्रय-विक्रय हेतु हाट-बाजार लगाया गया। किसानों के उत्पाद का सत्यापन कृषि विभाग के मैदानी अमले से कराया जाएगा ताकि कोई विचोलिया इसका लाभ न ले सके। इस दौरान 21 किसानों द्वारा अपने जैविक प्राकृतिक खेती से उत्पादित उत्पाद विक्रय हेतु लाए गए। लगभग 350 से अधिक क्रेतागण जैविक उत्पाद खरीदने पहुँचे। साथ ही लगभग 40 हजार से अधिक राशि की कृषकों की विक्री हुई। पाँचवे हाट बाजार तक लगभग 1 लाख 80 हजार से अधिक के जैविक उत्पादों का कृषकों द्वारा विक्रय किया जा चुका हैं।

इस सबंध में उप-संचालक कृषि ने बताया 21 कृषको द्वारा विभिन्न 35 प्रकार से अधिक जैविक उत्पाद सहित कोदों, कुटकी, रागी, काला गेहूँ, सोना मोंती गेहूँ का आटा, बेसन, ज्वार, मक्का, बाजरा से बने उत्पाद आटा, दलिया, रागी के लड्डू, बिस्किट, मोटे अनाज का आटा, तिल के लड्डू, मूगफली के लड्डू, मूगफली की चिक्की, मूँग की दाल, उडद की दाल, चना की दाल, अरहर की दाल, मल्टी ग्रेन आटा, मौसमी हरी सब्जियों में पालक की भाजी, चने की भाजी, मैंथी की भाजी, बथुआ की भाजी, बैगन, आलू, टमाटर, सूरन, हरी मटर, हरी धनियां, हरी मिर्च, लौकी, आंवले की चटनी, अदरक का मुरब्बा, मसरूम, मसरूम पाऊडर, मौसमी फलो में अमरूद, आंवला, पपीता, नीबू, देशी गाय का घी आदि अनेक उत्पाद विक्रय हेतु लाए गए। अगले रविवार को भी निर्धारित समय एवं स्थल पर जैविक/प्राकृतिक खेती उत्पाद हाट-बाजार लगाया जायेगा। इस हाट बाजार में सिंगल यूज पॉलीथिन प्रतिबंधित रहीं। हॉट-बाजार में लगभग 350 से अधिक क्रेतागणों ने उत्पाद खरीदे। आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह द्वारा कपड़े के थैले विक्रय के लिए एक स्टॉल लगाया गया। विक्रेता कृषकों एवं क्रेताओं में काफी उत्साह देखने को मिला।

ज्ञात हो जैविक/प्राकृतिक कृषि उत्पाद वे उत्पाद हैं जो रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों और हानिकारक रसायनों का उपयोग किए बिना उगाए जाते हैं। इन उत्पादों को उगाने में जैविक खाद, हरी खाद, प्राकृतिक कीटनाशक और परंपरागत खेती के तरीकों तथा प्राकृतिक खेती में गाय के गोबर और गौमूत्र से तैयार जीवामृत, घन जीवामृत, बीजामृत, दशपर्णी अर्क, ब्रह्मास्त्र, नीमास्त्र आदि का उपयोग किया जाता है। जैविक एवं प्राकृतिक खेती से पर्यावरण, मिट्टी की उर्वरता और मानव स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद मानी जाती है।

***जैविक/प्राकृतिक खेती के उत्पादों के फायदे***

इसमें स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित, पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाते, मिट्टी की उर्वरता बनाए रखते हैं। साथ ही लंबे समय तक टिकाऊ और प्राकृतिक होते हैं।

# संविधान के चौथे स्तंभ का मथुरा में दबाया जा रहा गला, सरकार और न्यायपालिका सब मौन





आलोक तिवारी

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा भारत के संविधान मै कहने को तो मीडिया को चौथे स्तंभ का दर्जा दिया गया, पर लगातार सरकारी तंत्र और माफियाओं की सांठ गांठ से भारतीय मीडिया को नेस्तनाबूत करने का काम किया जा रहा है, जिस पर न्यायपालिका ने भी मौन साध रखा है।

देश मै लगातार मीडिया द्वारा सरकारी तंत्र और माफियाओं की खबरों को जनता तक पहुंचाने के कारण मीडिया इन लोगों की आंखों मै चुभती रही है मौका मिलने पर मीडिया को कुचलने का कोई भी अवसर ये लोग नहीं छोड़ रहे है, यहां तक कि ईमानदार पत्रकारों को अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए जान तक गवानी पड़ रही है। कल ऐसा ही मामला मथुरा जनपद मै सामने आया है, थाना बलदेव अंतर्गत एक देश के प्रतिष्ठित मीडिया हाउस के साथ मिलकर काम करने वाले पत्रकार राजेश पाठक पर हमला किया गया और भद्दी भाषा मै गालियां दी गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। पत्रकार का कसूर सिर्फ इतना था कि बलदेव मै एक हॉस्पिटल संचालित है बलदेव कालेज ऑफ नर्सिंग एंड मैडिकल रिसर्च सेंटर इसमें एक बच्ची का इलाज चल रहा था, इलाज के दौरान बच्ची की मौत की खबर मिली जिस मृतक बच्ची के परिवारजनों द्वारा हॉस्पिटल डाक्टर पर गलत इलाज का आरोप लगाया जा रहा था, पत्रकार राजेश पाठक इस मामले मै कवरेज करने पहुंचे यह बात हॉस्पिटल प्रबंधक को नागवारा गुजरी और अपने हाथियार बंद सुरक्षा कर्मियों के साथ पत्रकार को भद्दी भद्दी गालियां देते हुए टूट पड़े।

यह कोई मथुरा जनपद मै पहला मामला नहीं है इससे पूर्व भी कई बार पत्रकारों पर हमले मथुरा मै होते रहे है पर मथुरा जिला प्रशासन केवल दिखावे की कार्यवाही कर पत्रकारों के घाव पर मलहम लगाने का दिखवा मात्र करती है। इस बार की घटना को राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि0 मंडल उपाध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी, मथुरा जिला संरक्षक दिनेश पंकज, राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा के जिला अध्यक्ष भानु प्रकाश शर्मा ने गंभीरता से लेते हुए मथुरा जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि मामले मै लीपापोती करना प्रशासन को भारी पड़ जाएगा इस बार इस मामले में जांच कर कढ़ी कार्यवाही होनी चाहिए जिससे माफिया प्रवृति के लोगों को पत्रकारों पर हाथ उठाने से पहले 100 बार अपने अंजाम की ओर सोचना पड़े।

मथुरा जिला प्रशासन अगर संविधान का पालन करने मै विश्वास रखता है और संविधान का खुद पालन करता है तो वायरल वीडियो को संज्ञान मै लेकर संविधान के चौथे स्तंभ का मान रखे। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि0 के मंडल प्रभारी मनोज कुमार शर्मा ने मथुरा की घटना की जानकारी लेते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि0 के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा द्वारा मथुरा की घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा मथुरा जिला प्रशासन अगर पत्रकारों को सुरक्षा देने मै असमर्थ है तो इस मामले को लखनऊ मै उत्तर प्रदेश ग्रह सचिव के समक्ष लेकर जायेगे। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के मथुरा जिला पदाधिकारियों ने पीड़ित पत्रकार को अपना पूर्ण समर्थन देने की बात कही।

# कोई भी पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहेगा- अध्यक्ष

## मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत आयोजित हुआ शिविर

## नगर परिषद की सेवाओं और शासन की योजनाओं का मिला लाभ

राजा खरे

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में चल रही सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान पर्व का आयोजन संपूर्ण प्रदेश में किया जा रहा है जिसके तहत ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में शिविर आयोजित कर शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिया जा रहा है और इसी क्रम में नगर परिषद निवाड़ी के द्वारा भी दिनांक 16 दिसंबर से 18 जनवरी तक जनकल्याण पर्व मनाया जा रहा है जिसके तहत नगर के सभी वार्डो में शिविर आयोजित कर नगर परिषद की सेवाओं और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिया जा रहा है। नगर परिषद के द्वारा वार्ड नंबर 9 चौपाटी पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरविंद तिवारी के निर्देशन में तथा उपयंत्री धर्मेंद्र चौबे के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया जिसमें नगर परिषद की सेवाओं का लाभ आवेदकों को दिया गया तथा शासन की योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद के अध्यक्ष गुलाब अहिरवार ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से कोई भी पात्र हितग्राही वंचित नहीं रहेगा और सभी को शासन की योजनाओं का लाभ मिलेगा। श्री अहिरवार ने कहा कि नगर परिषद द्वारा आयोजित हो रहे शिविर में पीएम सम्मन निधि नवीन नल कनेक्शन नगरीय क्षेत्र में हैंडपंप के सुधार भवन अनुज्ञाप्रमाण पत्र व्यापारिक लाइसेंस अविवादित संपत्ति का हस्तांतरण भवन निर्माण के लिए स्वीकृति नो ड्यूज प्रमाण पत्र सहित अन्य सेवाओं का लाभ शिविर में आने वाले आवेदकों को तत्काल दिया जा रहा है इसके साथ-साथ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों से आवेदन शिविर में लिए जा रहे हैं और उन आवेदनों का परीक्षण उपरांत पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। इस अवसर पर नगर परिषद के अध्यक्ष गुलाब अहिरवार के साथ पार्षद बृजेश तिवारी सोनू अहिरवार लेखापाल के के वंशकार अनिवेश नायक सत्येंद्र राय सहित नगर परिषद के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।




# मोदी योगी सरकार मै बदहाली पर आंसू बहाती मथुरा में मां यमुना

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा भूलोक मै सबसे प्राचीन नदियों मै मां यमुना, गंगा का नाम सबसे प्रमुखता से लिया जाता है जो पृथ्वी लोक पर भगवान राम और कृष्ण के जन्म से पहले अवतरित हुई पर आज मां यमुना अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है।



भारत देश आजादी का अमृत महोत्सव मना कर मां यमुना की दुर्दशा पर ताली बजा रहा है, देश मै कांग्रेस, और भाजपा दोनों के कार्यकाल में मां यमुना पर राजनीति बहुत हुई पर असल मायने मै दोनों दलों ने मां यमुना को अपनी बदहाली पर आंसू बहाने को और अधिक मजबूर कर दिया। मां यमुना का यमुनोत्री के बाद सबसे प्रमुख तीर्थ स्थल मथुरा को बताया गया है जहां मां यमुना की दुर्दशा सबसे दयनीय है, तमाम राजनैतिक दलों ने मां यमुना के नाम पर बड़े बड़े वादे किए पर आज तक मथुरा मै मां यमुना को स्वच्छ करने के लिए अपनी मंशा नहीं जाहिर की।

वर्तमान समय में यमुना मै गिरने वाले दूषित नालों के कारण यमुना का जल मथुरा में सफेद झाग मै तब्दील हो गया है, प्रशासन के लाख खोखले दावों के बाद भी यमुना मै सीधे तौर पर गंदे नाले गिरते दिखाई दे रहे है मथुरा प्रशासन की कार्यप्रणाली से यमुना सिर्फ एक गंदे नाले के रूप मै तब्दील हो कर रह गई है, आने वाले श्रद्धालु यमुना की दुर्दशा पर सीधे तौर पर भाजपा सरकार को कोसते दिखाई देते है।

इस विषय पर मथुरा वृन्दावन नगर निगम द्वारा बार बार कहा जाता रहा है कि मथुरा के 38 नालों मै से 34 नाले टेप किए जा चुके है शेष 4 को भी जल्द टेप कर दिया जाएगा, अकेले वृन्दावन मै ही 11 नाले है जिनमें 2 नाले सीधे यमुना मै गिर रहे है, हालांकि नगर निगम का जलकल विभाग इस मामले मै अपनी सफाई देते हुई सुनाई देता है कि जो नाले यमुना मै गिर रहे है उनके दूषित पानी को पहले ही वायो क्लीन कर दिया जाता है। मां यमुना के नाम पर यमुना भक्तों के द्वारा तमाम आंदोलन किए पर सरकार की मंशा यमुना को स्वच्छ करने की नहीं दिखाई दी, मां यमुना को स्वच्छ कराने के लिए यमुना भक्त एनजीटी मै भी लंबी लड़ाई लड़ रहे है पर यमुना भक्तों को शायद इस जन्म मै यमुना स्वच्छ और निर्मल रूप मै बहती दिखाई नहीं दे पाएगी। मां यमुना के भक्तों को अब मां यमुना से ही चमत्कार की उम्मीद बची है।

# जिला न्यायालय स्टाफ भर्ती परीक्षा में दूसरे दिन 6286 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी

## 2070 अभ्यार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा जिला न्यायालयों में स्टाफ भर्ती परीक्षा की आयोजन आज दूसरे दिन भी हुआ। जिसमें एक परीक्षा केन्द्र पर हुई परीक्षा में 369 अभ्यार्थी में शामिल हुए। जबकि दूसरी पाली में 11 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा हुई जिसमें 5943 अभ्यार्थी शामिल हुए। कुल 6286 अभ्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जबकि दोनों पालियों में 2070 अभ्यार्थियों परीक्षा छोड़ी। दोनों दिन परीक्षा शांति पूर्वक रहीं। कहीं भी एक भी नकलची नहीं पकड़ा गया। जिला न्यायालयों में स्टाफ भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन रविवार को पहली पाली की परीक्षा एक मात्र परीक्षा केन्द्र बीएसए महाविद्यालय में आयोजित हुई। इसमें 432 अभ्यार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 369 अभ्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, 63 अभ्यार्थी अनुपस्थित रहे। उपस्थिति का प्रतिशत 85.42 रहा। पहले दिन दो पालियों में हुई परीक्षा में 4332 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और1891 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली की परीक्षा 11 परीक्षा केन्द्रों पर हुई जिसके लिए 7950 अभ्यार्थी पंजीकृत थे। जिनमें से 6286 अभ्यार्थियों ने परीक्षा दी। 2007 परीक्षार्थी परीक्षा नहीं दे पाए। पहले दिन दोनों पालियों में इस परीक्षा में 4332 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और1891 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# जिला मुख्यालय पर मनाई गई सावित्रीबाई फुले की जयंती

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। जिला मुख्यालय पर आज कुशवाहा समाज के द्वारा सावित्रीबाई फुले और सतना लोकसभा क्षेत्र से सांसद रहे सुखलाल कुशवाहा की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर संपूर्ण कुशवाहा समाज का जिला मुख्यालय पर बड़ी माता मंदिर पर एकत्रीकरण हुआ और यहां से एक भव्य शोभायात्रा कुशवाहा समाज के द्वारा निकाली गई जिसमें हजारों की संख्या में कुशवाहा समाज के लोग उपस्थित रहे तथा शोभायात्रा में चल रहे रथ पर सावित्रीबाई फुले सुखलाल कुशवाहा और नगर के चंदन सिंह कुशवाहा के चित्र रखे गए। बाजार में शोभायात्रा के भ्रमण के उपरांत स्टेडियम ग्राउंड पर एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें कुशवाहा समाज के प्रतिष्ठित समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा सावित्रीबाई फुले और सुखलाल कुशवाहा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का आवाहन किया गया तथा समाज में फैली बुराइयों को मिटाने के साथ-साथ एक रहने का संदेश सभा में दिया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में कुशवाहा समाज के महिला पुरुष उपस्थित रहे।



# एसपी के निर्देश पर इनामी फरार अपराधियों की हो रही है गिरफ्तारी, चार फरार वारंटी हुये गिरफ्तार

छतरपुर। पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में फरार इनामी बदमाश, वांछित अपराधी एवं स्थाई वारंटियों की गिरफ्तार हेतु निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत बीते रोज गौरिहार थाना अंतर्गत आने वाले पहरा चौकी पुलिस और ओरछा रोड थाना पुलिस द्वारा कई वर्षों से फरार चल रहे चार इनामी वारंटियों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की गई है।

***पहरा चौकी प्रभारी ने 8 साल से फरार इनामी वारंटी को दबोचा***



पहरा चौकी प्रभारी प्रमिला यादव ने बताया कि वर्ष 2016 में पड़वार निवासी जितेंद्र श्रीवास पिता कल्लू श्रीवास द्वारा मारपीट एवं एससी-एसटी अपराध को अंजाम दिया गया था। घटना के बाद से ही वह फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी पर न्यायालय द्वारा मई 2023 में स्थाई वारंट तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा 2 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। बीते रोज मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर उन्होंने दबिश देते हुए करीब 8 वर्षों से फरार चल रहे इनामी वारंटी जितेंद्र श्रीवास को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी प्रमिला यादव ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश कर विधिवत कार्रवाई की गई है।

***ओरछा रोड पुलिस ने पकड़े तीन इनामी वारंटी***




इसी तरह थाना प्रभारी दीपक यादव ने बताया कि वर्ष 2016 के मारपीट संबंधी प्रकरण में फरार आरोपी मयंक गुप्ता पिता मुन्नी लाल गुप्ता निवासी महोबा उत्तरप्रदेश, चोरी के प्रकरण में फरार आरोपी इबराम पिता इस्लाम खान निवासी विधायक कॉलोनी लवकुशनगर और वर्ष 2019 के मारपीट संबंधी प्रकरण में फरार आरोपी कल्लू श्रीवास पिता नंदकिशोर निवासी ग्राम सौंरा को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त तीनों आरोपियों के विरुद्ध वर्ष 2022 और 2024 में न्यायालय द्वारा स्थाई वारंट जारी किए गए थे, जबकि हाल ही में पुलिस अधीक्षक ने उनकी गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया था। वारंटियों को गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में पेश किया गया है।

***बड़ामलहरा पुलिस ने पकड़ी 72 लीटर अवैध शराब, आरोपी गिरफ्तार***

बड़ामलहरा थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र वर्मा ने बताया कि विगत रात्रि थाना बड़ा मलहरा पुलिस को रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान अवैध शराब संग्रह संबंधी सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम बड़ा मलहरा कस्बा कचरा घर के पास पहुंची। एक व्यक्ति पुलिया के पास बैठा था, पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया, संदेह के आधार पर व्यक्ति को रोक कर स्थान का निरीक्षण किया गया। उक्त स्थान पर 8 अवैध शराब की पेटियां रखी थी। अवैध शराब मात्रा करीब 72 लीटर देशी प्लेन मदिरा कीमत करीब 28000 रुपए जप्त कर व्यक्ति को गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया गया। अभियुक्त दिग्गी उर्फ दिग्विजय सिंह राठौर पिता उदयभान सिंह राठौर ग्राम मौली थाना बड़ा मलहरा के विरुद्ध थाना बड़ा मलहरा में आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया, अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है, विवेचना कार्यवाही जारी है।



***गुम हुए बच्चे को 1 घंटे में पुलिस ने खोजा***

विगत रात्रि नौगांव थाना क्षेत्र के मेला ग्राउंड में लगे मेले से एक ढाई वर्षीय बच्चा गुम हुआ था, जिसकी सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम के माध्यम से थाना पुलिस को डायल-100 को मिली। पुलिस टीम त्वरित कार्यवाही करते हुए संपूर्ण क्षेत्र में भ्रमण कर तलाश की। 1 घंटे के अंदर पुलिस टीम द्वारा बच्चे को तलाश किया गया एवं बच्चों के परिजनों को सुपुर्द किया गया। बच्चे के परिजनों ने प्रसन्नता के साथ पुलिस का आभार व्यक्त किया। कार्यवाही में नौगांव एसडीओपी चंचलेश मरकाम के मार्गदर्शन में नौगांव थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश सिंह, प्रधान आरक्षक प्रमोद शर्मा, आरक्षक पहाड़ सिंह राजपूत, गौरव तिवारी, डायल 100 एवं पुलिस कंट्रोल रूम टीम की सराहनीय भूमिका रही।



# एक साल में छतरपुर की तस्वीर बदल कर दिखाएंगे

## जनचौपाल में जनसमस्याएं सुनकर बोलीं विधायक ललिता यादव

छतरपुर। छतरपुर विधायक श्रीमती ललिता यादव ने आज चौक बाजार में जन चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी और उनका त्वरित निराकरण करने का भरोसा दिया। उन्होंने पार्किंग आदि की समस्या सुलझाने मौका मुआयना किया। उन्होंने कहा कि एक साल में छतरपुर की तस्वीर बदल कर दिखाएंगे।

विधायक श्रीमती ललिता यादव ने कहा कि आप सभी ने 4 बार उन्हें आशीर्वाद दिया। इसलिए महाराजा छत्रसाल की नगरी को संवारना हमारा दायित्व है। अगर हम काम करेंगे तो सेवा का फल भी मिलेगा।





उन्होंने कहा कि ई-रिक्शा से बाजार में यातायात की बहुत बड़ी समस्या है। इसका समाधान एक हफ्ते में कर देंगे। बाजार में पार्किंग की भी बहुत बड़ी समस्या है। चौक बाजार का हाल भी पुराने भोपाल जैसा न हो जाए। चुनाव के पहले उनसे पार्किंग की मांग की गई थी। आज वे मौके पर ही इस समस्या के निराकरण के मूड में हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग की पुरानी बिल्डिंग की जगह मल्टी पार्किंग बनेगी। गल्ला मंडी में नगर पालिका की दुकानों नीचे बने बेसमेंट को पार्किंग के लिए वे देखने जा रहीं हैं। इस दौरान कोतवाली के पास पीडब्ल्यूडी के प्लॉट में पार्किंग का सुझाव आने पर उन्होंने इस पर विचार का भरोसा दिया। विधायक ने कहा कि समस्या की सबसे बड़ी जड़ अतिक्रमण के कारण है। जनचौपाल में भी व्यापारियों ने स्वीकार किया कि वे अतिक्रमण करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा ही रहा तो बाजार में कोई सामान लेने नहीं आएगा। विधायक श्रीमती ललिता यादव ने निवेदन किया कि वे अपना सामान दुकान के अंदर रखकर व्यवस्था में सहयोग करें। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण की समस्या सुलझाने सोमवार दोपहर 12 बजे व्यापारीगण और ट्रैफिक प्रभारी के साथ बैठक जाएगी।

विधायक श्रीमती ललिता यादव ने बताया कि बाजार में नाली निर्माण और सड़क चौड़ीकरण का टेंडर हो गया है जल्दी ही काम शुरू होने वाला है। उन्होंने कहा कि बजरिया में भी बहुत समस्या है। बाजार में लघुशंका की समस्या पर उन्होंने कहा कि बाथरूम तो बन जाएंगे लेकिन सफाई नहीं होगी तो कोई नहीं जाएगा। इसलिए उन्होंने मौके पर मौजूद नपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेंद्र चौरसिया से एक सफाईकर्मी कल से बाथरूम साफ करने लिए, तैनात करने और रामचरित मानस के पास अलावा शुरू करने के लिए निर्देशित किया।

विधायक श्रीमती ललिता यादव ने बताया कि यूनिवर्सिटी कैंपस के पास 32 एकड़ में 95 करोड़ से नई जेल बन रही है। नौगांव रोड और सागर रोड पर डिवाइडर बनाया जाएगा। विधायक ने बताया कि शहर के तालाबों के सौंदर्यीकरण, जीर्णोद्धार का काम शुरू होगा। फल मंडी भी शिफ्ट होगी। बाजार में ऑडिटोरियम की मांग उठने पर उन्होंने कहा कि बाजार में ऑडिटोरियम नहीं बना सकते। हमने एक बहुत बड़े ऑडिटोरियम के लिए महोबा रोड पर जगह देखी है। वहीं पत्रकार भवन बनेगा। एक साल में सारे काम मूर्तरूप लेते हुए दिखाई देंगे उन्होंने कहा कि आप सहयोग करें तो व्यवस्थाएं हम देंगे। उन्होंने कहा कि कल क्या होगा इसकी चिंता नहीं आज अच्छा करें। जनचौपाल में व्यापारीगण, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्तता, पार्षदगण और आमजन मौजूद रहे।

***विधायक ने बनाई मगौड़ी***

जनचौपाल के बाद लोगों की मांग पर विधायक श्रीमती ललिता यादव ने एक ठेले पर अपने हाथ से मंगौड़ी बना कर सबको खिलाई। उन्होंने कहा कि पूरा छतरपुर ही नहीं छतरपुर विधानसभा क्षेत्र उनका परिवार है। वे किसी की माँ, किसी की बहन तो किसी की बेटी हैं इसलिए परिवार का ख्याल रखना उनकी जिम्मेदारी है। विधायक की इस पहल की व्यापारियों ने सराहना की।

# राज्य स्तरीय बास्केटबॉल टूर्नामेंट का खिताब भोपाल के नाम रहा

## विधायक टीकाराजा ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन को सराहा



नौगांव। नगर में चल रहे मेला महोत्सव के तहत आयोजित किए गए राज्य स्तरीय बास्केटबॉल टूर्नामेंट का खिताब भोपाल के नाम रहा। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला नौगांव और भोपाल के बीच खेला गया था, जिसमें भोपाल की टीम ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते जीत हासिल की। फाइनल मैच में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक कामाख्या प्रताप सिंह टीका राजा मौजूद रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए, विजेता और उपविजेता टीम को नगद राशि तथा शील्ड प्रदान की। नगर के हायर सेकेन्डरी स्कूल में आयोजित इस तीन दिवसीय राज्य स्तरीय बास्केटबॉल टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए भोलेशंकर रजक, अनुग्रह किरसल और सत्यम पटेरिया द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया। टूर्नामेंट में कुल सात टीमों ने भाग लिया था, जिनके मुकाबलों में रैफरी की भूमिका सरफराज खान एवं राजीव कुमार साहू ने निभाई। समापन समारोह में विधायक के अलावा रिंकू राजा, अशोक तिवारी, आशुतोष मिश्रा, शिक्षक श्री त्रिवेदी, विनीत पहारिया, बलकू पाठक आदि उपस्थित रहे।

**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321